Rajasthan Patrika, Kolkata, Aug 10 2012

टीसीएस आईटी विज 2012 के विजेता लोएला स्कूल के विद्यार्थी।

टीसीएस आई.टी. विज 2012 सम्पन्न

जमशेदपुर का लोएला स्कूल प्रथम

कोलकाता

kolkata@patrika.com

टाटा कस्टलटेंसी सर्विस (टीसीएस) की ओर से आयोजित टीसीएस आई.टी. विज 2012 प्रतियोगिता गुरुवार को सम्पन्न हुई। कला मंदिर में आयोजित प्रतियोगिता में 500 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। गुरुवार को हुए अंतिम राउंड में जमशेदपुर के लोएला स्कूल ने प्रथम स्थान हासिल करते हुए ट्राफी पर कब्जा जमाया। शुभम अग्रवाल और अविरल दासगुप्ता के ट्राफी ली। दूसरे पायदान पर कोलकाता के नेशनल जेम्स हाई स्कूल के सौम्यज्योति भट्टाचार्य तथा देबारून बनर्जी रहे।

मुख्य अतिथि के रूप में टाटा कस्टलेंसी सर्विस के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसीडेंट ए मुखर्जी तथा टीसीएस कोलकाता के केन्द्रीय प्रमुख श्रीधर बक्शी उपस्थित थे। मौके पर बक्शी ने कहा कि विद्यार्थियों में इस ओर उत्साह देखा जा रहा है। ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों के बौद्धिक विकास के साथ ही व्यक्तित्व विकास में भी मददगार हैं।

मालूम हो कि क्षेत्रीय राउंड का आयोजन 14 राज्यों में हुआ। कक्षा आठ से 12वीं तक के विद्यार्थी प्रतियोगिता में शामिल हुए।

(कार्यालय संवाददाता)